कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./2024/447 दिनांक : 23/02/2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

जनसंपर्क अधिकारी

प्रेसनोट :

‘‘कृषि महाविद्यालय द्वारा ग्राम उटीला में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम’’

ग्वालियर। कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर द्वारा विकास खण्ड मुरार के ग्राम पंचायत उटीला में ‘‘मेरा गांव मेरा गौरव’’ कार्यक्रम अंतर्गत कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। यह आयोजन किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सहयोग से रखा गया। प्रशिक्षण में कृषको को खेती मे खड़ी रबी फसलों में प्रक्षेत्र प्रबंधन, आगामी मौसम में ग्रीष्म कालीन मूंग, उड़द की खेती तथा श्री अन्न फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी आदि के बीज का चुनाव, बीज की मात्रा, बोने का तरीका, उन्नत प्रजातियॉ, खाद एवं उर्वरक, निदाई, गुड़ाई आदि गतिविधियों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही श्री अन्न से बनने वाले स्वादिष्ट भोजन कोदो उपमा, कुटकी, एप्पल (सेब) जैम, कुटकी चाय, रागी वालूसाही आदि बनाने की विधि के बारे में भी बताया गया ताकि वे इसे अपने प्रतिदिन के भोजन में शामिल कर सके। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री आर.एस. कुषवाह, सेवा निवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.के. मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 40 कृषकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधीर सिंह द्वारा किया गया।